अस्पताल मोड़ से काको मोड़ तक प्रतिदिन चलायें अतिक्रमण हटाओ अभियान : छिरिङ वाई भूटिया

जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में डीएम ने दिए कई निर्देश, दुर्घटना पीड़ितों के कैशलेस उपचार एवं राहगीरों को प्रोत्साहन पर दिया जोर

जहानाबाद। जिलाधिकारी छिरिङवाई भूटिया की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक कोटा किरण कुमार सहित संबंधित विभागों के पदाधिकारी उपस्थित रहे। सभी थानाध्यक्ष एवं प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े।

बैठक में जिलधिकारी द्वारा सड़क दुर्घटना पीड़ितों के उपचार, हिट एंड रन मामलों, यातायात व्यवस्था, अतिक्रमण एवं सड़क सुरक्षा से संबंधित कार्यों की विस्तृत समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि पीएम राहत योजना के अंतर्गत सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों को दुर्घटना के बाद पहले 7 दिनों तक अधिकतम 1.50 लाख का कैशलेस उपचार निर्धारित सरकारी एवं सूचीबद्ध अस्पतालों में उपलब्ध है। दुर्घटना की स्थिति में 112 पर कॉल कर एम्बुलेंस सहायता प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार करने, घायलों का संवेदनशीलता से उपचार करने तथा अनावश्यक रेफरल रोकने का निर्देश दिया। विशेष रूप से



रेफरल अस्पताल, मखदुमपुर में चिकित्सकों की निरंतर उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा गया। राहवीर योजना के अंतर्गत गंभीर रूप से घायल दुर्घटना पीड़ित को गोल्डन आवर में अस्पताल पहुँचाने वाले व्यक्ति को 25 हजार की प्रोत्साहन राशि दिए जाने की जानकारी देते हुए जिलाधिकारी ने वास्तविक राहवीरों की पहचान कर उन्हें सम्मानित करने हेतु प्रस्ताव भेजने का निर्देश दिया।

हिट एंड रन मामलों में निर्धारित एसओपी का अनुपालन, वैज्ञानिक अनुसंधान एवं पीड़ितों को समयबद्ध मुआवजा भुगतान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। पुलिस अधीक्षक ने सभी थानाध्यक्षों को गंभीर मामलों में आवश्यकतानुसार एफएसएल जाँच कराने का निर्देश दिया। शहर की यातायात व्यवस्था की समीक्षा के दौरान राजाबाजार रेलवे अंडरपास के समीप जलजमाव एवं क्षतिग्रस्त सड़क की समस्या का शीघ्र समाधान, काको मोड़ पर गोलंबर निर्माण एवं चौड़ीकरण कार्य प्रारंभ करने तथा अस्पताल मोड़ से काको मोड़ एवं राजाबाजार क्षेत्र में प्रतिदिन अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाने का निर्देश दिया गया।

अतिक्रमण करने वाले ठेलों एवं दुकानों को जब्त करने सहित नियमानुसार सख्त कार्रवाई करने को कहा गया। टेम्पो एवं ई-रिक्शा के लिए निर्धारित स्टैंड विकसित करने तथा 15 दिनों के भीतर रूट चार्ट एवं कलर कोडिंग की योजना तैयार करने का निर्देश दिया गया।

अरवल मोड़ पर टेम्पो के अनधिकृत ठहराव पर रोक लगाने तथा निर्धारित भाड़ा सूची वाहनों में प्रदर्शित कराने को कहा गया। इसके अतिरिक्त ऐतिहासिक बराबर गुफाओं तक पर्यटकों की सुविधा हेतु राष्ट्रीय राजमार्ग पर दिशा-सूचक बोर्ड लगाने, दुर्घटना संभावित स्थलों पर सुरक्षा उपाय सुदृढ़ करने, सड़क किनारे झाड़ियों की कटाई-छँटाई तथा मखदुमपुर में प्रस्तावित ओवरब्रिज की व्यवहार्यता जाँच कराने का निर्देश दिया गया।


खूनी व बादी बवासीर में बेहद असरकारक
अर्शवेदा कैप्सूल
ARSHVEDA Capsule
AN AYURVEDIC MEDICINE FOR PILES
Power of 9 Herbs
सुविचार
खुशी कोई बनी-बनाई चीज़ नहीं है, यह आपके अपने कर्मों से आती है।
• 100% आयुर्वेदिक • सुरक्षित • असरदार
Customer Care : 9628078000
www.rphealthgroup.com
Also available at TATA 1mg | amazon | Flipkart

पुलिस ने चार बच्चों को सकुशल किया बरामद

जहानाबाद। घोषी थाना क्षेत्र के लोदीपुर गांव से गुम हुए शांति देवी के चार बच्चों को जहानाबाद पुलिस की तत्परता से सकुशल बरामद किया गया।



आवश्यक कार्रवाई एवं सत्यापन के उपरांत सभी बच्चों को शांति देवी एवं उनके परिजनों को सुरक्षित सुपुर्द कर दिया गया। बच्चों के सकुशल मिलने से परिजनों ने राहत की सांस ली। बताते चलें कि घोसी थाना क्षेत्र के लोदीपुर गांव निवासी शांति देवी के चार बच्चों का मंगलवार की रात्रि अचानक गायब हो जाने की सूचना पुलिस को मिली। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए सभी थानों की पुलिस को इसकी सूचना दी। सूचना के उपरांत हरकत में आई जिले के पुलिस ने आखिरकार कुछ हीं घंटो के बाद चारों बच्चों को सकुशल बरामद कर लिया। पुलिस की सक्रियता से बच्चों के परिजनों ने खुशी व्यक्त करते हुए पुलिस के प्रति आभार व्यक्त किया।

पूर्व मध्य रेल

ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति के तरफ से निम्न कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। **क्रम सं: (1), ई-निविदा सं०- ई.सी.आर.-सी.ए.ओ.-सी/एस/ई.टी.ई.एन.-एच. जेड.एम.इ.-10, कार्य का नाम :** ECR के धनबाद डिवीजन में गोमोह फ्लाई ओवर (डाउन कनेक्टिविटी के लिए) के निर्माण के सिलसिले में, रेल, स्लीपर, फिटिंग आदि जैसे P.Way मैटेरियल की ढुलाई और रेलवे के स्पेसिफिकेशन और स्टैंडर्ड के अनुसार अन्य संबंधित कार्यों सहित परमानेंट वे (Permanent way) को जोड़ने का काम। इसमें ये लाइनें शामिल हैं: टेलो से गोमोह ROR लाइन (Ch: 4150.00, Br. No 7 से गोमोह तक), टेलो से मटारी UP लाइन (Ch: 4150.00, Br. No 7 से मटारी तक) और टेलो से मटारी DN लाइन (Ch: 4150.00, Br. No 7 से मटारी तक) | **अंकलित मूल्य (रू०) :** 9,81,37,322.92, **ईएमडी प्रतिभूति (रू.) :** 19,62,800.00, **कार्य पूर्ण करने की अवधि :** 09 (नौ) महीना। **निविदा बंद होने की तिथि एवं समय:** 17.11.2026 (समय 15:30) | काई भी ई-निविदा जो डाक/कुरियर/फैक्स अथवा हस्तप्रति के माध्यम से भेजी जायेगी, स्वीकार नहीं की जाएगी। फर्म के लेटर पैड पर प्रस्तुत की गई अथवा समय पर प्राप्त होने वाली निविदाओं की हस्तलिखित प्रस्तुती भी स्वीकार्य नहीं होगी। उपरोक्त ई-निविदा दस्तावेज संपूर्ण जानकारी के साथ वेबसाइट **ireps.gov.in** पर उपलब्ध हैं।

नोट : निविदा सूचना में किसी प्रकार की विसंगति पाये जाने की स्थिति में अंग्रेजी संस्करण अंतिम एवं मान्य होगा। निविदाकारों से अनुरोध है कि इस ई-निविदा से संबंधित नवीनतम शुद्धिपत्र/संशोधन आदि के लिए अंतिम तिथि से कम से कम 15 दिन पूर्व वेबसाइट **ireps.gov.in** का अवलोकन कर लें।

उप मुख्य अभियन्ता/निर्माण/1, हजारीबाग

पीआर/1201/सीओएन एचजेडबीएन/सीओएनएसटी/टी/26-27/48

पूर्व मध्य रेल

समस्तीपुर मंडल में स्वचालित टिकट भेण्डिंग मशीन (ATVM) के लिये सुविधाकर्ता के चयन हेतु अधिसूचना।

संख्या : सी/407/ए.टी.वी.एम./0/।।।, दिनांक : 26.10.2026

समस्तीपुर मंडल के 02 (दो) स्टेशनों पर स्वचालित टिकट भेण्डिंग मशीन (ATVM) के संचालन के लिये सुविधाकर्ताओं (Facilitators) के चयन के लिये कृते भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व मध्य रेल, समस्तीपुर द्वारा पात्र सेवानिवृत रेल कर्मचारी पति/पत्नी अथवा वयस्क बच्चों एवं सामान्य स्थानीय आवेदकों से दिनांक 20.11.2026 तक आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं, जो मण्डल के निम्न स्टेशनों पर लगाये गये हैं जिसका विवरण निम्नवत है।

क्र.सं. : 01, **कार्य का नाम :** समस्तीपुर मंडल में स्वचालित टिकट भेण्डिंग मशीन (ATVM) सुविधाकर्ता के चयन हेतु आवेदन : **विवरण :** समस्तीपुर मंडल के NSG-2 श्रेणी के 01 स्टेशन (समस्तीपुर), NSG-3 श्रेणी के 01 स्टेशन (नरकटियागंज) कुल 02 (दो) स्टेशनों के लिए 03 स्वचालित टिकट भेण्डिंग मशीन (ATVM) के माध्यम से टिकट जारी करने हेतु सुविधाकर्ता के चयन। **क्र.सं. :** 02, **कार्य की अवधि :** 31.03.2028 तक। **क्र.सं. :** 03, **कार्यालय का पता जहाँ से आवेदन पत्र प्राप्त किया जा सकता है। :** • वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबन्धक/पूर्व मध्य रेल/समस्तीपुर। • स्टेशन अधीक्षक/वाणिज्य अधीक्षक जहाँ एटीवीएम मशीन लगाये गये हैं। • www.ecr.indianrailways.gov.in के वेबसाईट पर उपलब्ध है। **क्र.सं. :** 04, **आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय :** दिनांक 20.11.2026 तक दिन के 17.00 बजे तक। **क्र.सं. :** 05, **आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि, समय व स्थान :** आवेदन पत्र बंद लिफाफे में पंजीकृत डाक, कोरियर, साधारण डाक अथवा स्वयं (हाथों-हाथ) जमा करने की अंतिम तिथि 20.11.2026 तक कार्यालय अवधि 11:00 बजे से 17:00 बजे तक वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व मध्य रेल, समस्तीपुर के कार्यालय के प्राप्ति अनुभाग में दें। **नोट :** सक्षम अधिकारी, किसी भी आवेदन या सभी आवेदनों को बिना कारण बताए रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं। **सवाप्र., पूर्व मध्य रेल, समस्तीपुर**

पीआर/1208/एसपीजे/वा./एन/26-27/56

पदोन्नति एवं नवीन पदस्थापन पर विदाई सह-सम्मान समारोह का आयोजन

एसपी ने की विश्वनाथ भगत के नवीन दायित्वों के सफल निर्वहन की कामना

जहानाबाद। बुधवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय कक्ष में आयोजित विदाई सह सम्मान समारोह में अंचल पुलिस निरीक्षक घोषी विश्वनाथ भगत को पुलिस उपाधीक्षक (मूल कोटि) के पद पर पदोन्नति एवं नवीन पदस्थापन प्राप्त होने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी गईं। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक कोटा किरण कुमार ने उन्हें गुलदस्ता एवं शॉल देकर उनके कार्यों, कर्तव्यनिष्ठा एवं समर्पण की सराहना करते हुए नवीन दायित्वों के सफल निर्वहन एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि पदोन्नति किसी भी पुलिस पदाधिकारी के सेवाकाल की महत्वपूर्ण उपलब्धि होती है। यह अनुभव, कार्यक्षमता, कर्तव्यनिष्ठा और सेवा के प्रति समर्पण के साथ नई जिम्मेदारियां निभाने का अवसर प्रदान करती है। एसपी ने विश्वास जताया कि विश्वनाथ भगत अपने नए पद के अनुरूप दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा, अनुशासन, ईमानदारी और समर्पण के साथ करेंगे। उन्होंने उम्मीद जताई कि वे पुलिस विभाग की कार्यप्रणाली को अधिक प्रभावी बनाने में योगदान देंगे। समारोह में अपर पुलिस अधीक्षक, पुलिस उपाधीक्षक (रक्षित), पुलिस उपाधीक्षक (यातायात), अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (सदर एवं घोषी) सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी उपस्थित रहे।



श्रमिकों के अधिकारों, सामाजिक सुरक्षा एवं कार्यस्थल पर सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में पहल

चार नए श्रम कोड को लेकर जिला स्तरीय जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

जहानाबाद। श्रम संसाधन एवं प्रवासी श्रमिक कल्याण विभाग, बिहार सरकार के तत्वावधान में बुधवार को संयुक्त श्रम भवन के सभागार में चार नए श्रम कोड के संबंध में जिला स्तरीय जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य श्रमिकों, नियोजकों, औद्योगिक प्रतिष्ठानों, ट्रेड यूनियन के प्रतिनिधियों एवं संबंधित हितधारकों को नए श्रम कानूनों के प्रावधानों, श्रमिक अधिकारों, सामाजिक सुरक्षा तथा सुरक्षित कार्य परिस्थितियों के संबंध में जागरूक करना था। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन श्रम अधीक्षक, मृत्युंजय कुमार झा एवं कारखाना निरीक्षक, गया जी मो0 हदीस द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर श्रम विभाग के पदाधिकारी, चेम्बर ऑफ कॉमर्स के



जिलाध्यक्ष, ट्रेड यूनियन के प्रतिनिधि, गैर-सरकारी संगठनों के प्रतिनिधि सहित विभिन्न प्रखंडों से आए श्रमिक उपस्थित रहे। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान उपस्थित प्रतिभागियों को भारत सरकार द्वारा अधिनियमित चार श्रम संहिताओं के प्रमुख प्रावधानों एवं उनके उद्देश्यों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इनमें (1) मजदूरी संहिता 2019, (2) औद्योगिक संबंध संहिता, 2020, (3) सामाजिक सुरक्षा संहिता, 2020 एवं (4) उपजीविकाजन्य सुरक्षा, स्वास्थ्य और कार्यदशा संहिता, 2020 शामिल हैं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्रम अधीक्षक, मृत्युंजय कुमार झा ने चारों श्रम संहिताओं की संक्षिप्त रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि इन श्रम संहिताओं का उद्देश्य श्रमिकों के अधिकारों का संरक्षण, उचित मजदूरी, सामाजिक सुरक्षा, बेहतर कार्य परिस्थितियों एवं श्रमिक कल्याण से संबंधित व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करना है। उन्होंने उपस्थित प्रतिभागियों को श्रम कानूनों के महत्वपूर्ण प्रावधानों से अवगत कराते हुए श्रमिकों एवं नियोजकों के बीच जागरूकता बढ़ाने पर विशेष बल दिया।


PAARTH CHILD CARE
Complete Child Care & Vaccination Centre
डॉ. संजीव कुमार सुमन
नवजात एवं शिशु रोग विशेषज्ञ
MBBS, MD (PEDS), Neonatologist, PGPN(BOSTON), MIAP
Senior Consultant
Medibless Hospital & Shivam Hospital, Patna
Ex-Consultant - ESIC Hospital, New Delhi
उपलब्ध सुविधाएं
आधुनिक NICU, PICU, संपूर्ण टीकाकरण, पैथोलॉजी नेब्युलाइजर, ऑक्सीजन एवं पल्स ऑक्सीमीटर
संपर्क करें यदि बच्चा निम्नलिखित लक्षणों/बीमारियों से पीड़ित है
भूख कम या नही लगना, वजन नही बढ़ना, उल्टी, दस्त, पेट में दर्द, पेट फुलना, निमोनिया, दमा, सर्दी, खाँसी, बुखार, टी बी, दिल में छेद एवं हृदय संबंधी बीमारी, मोटापा, बौनापन, हार्मोन संबंधित बीमारी, पेशाब में जलन, कम या ज्यादा होना, बिस्तर पर पेशाब करना, दिमागी तौर पर कमजोरी, सिर का बड़ा या छोटा होना, नवजात शिशु का समय से पहले होना, कमजोर होना।
शिशु बच्चे एवं किशोर का संपूर्ण टीकाकरण एवं समस्त रोगों का समुचित ईलाज
पता - NC 105, SBI Officers Colony, Opposite Lohia Nagar Mount Carmel School, गायत्री मंदिर रोड, P. C. Colony, कंकड़बाग, पटना -20
9315625007, 9153136802


Manah
INSTITUTE OF PSYCHIATRY AND BEHAVIOURAL SCIENCES
समझ | सहारा | संबल
मन की बात, हमारे साथ
मानसिक स्वास्थ्य है, तो जीवन है। आइए, मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता दें।
हमारी सेवाएं
मानसिक समस्याएं
• व्यवहार में परिवर्तन
• शंका या भ्रम
• मिर्गी आना
• बिना कारण हँसना, चिड़चिड़ापन
• आत्महत्या की इच्छा
• बार बार गुस्सा करना / लड़ाई करना
• अकारण घबराहट, बेचैनी
• डिप्रेशन / एंजायटी
बच्चों की मानसिक समस्याएं
• पढ़ाई में पिछड़ जाना
• मंद बुद्धि
• याद नही करना/ याददाश्त में कमी
नशे की समस्या
शराब, अफीम, हेरोइन, गांजा, चरस, नशे की सुई / गोली एवं स्मैक
सर दर्द माइग्रेन
नस रोग संबंधित समस्या
सेक्स संबंधित समस्या
डॉ. अर्चना सिंह
(MBBS, MD Psychitry, DPM-CIP Kanke, Ranchi)
माइग्रेन और सिरदर्द विशेषज्ञ | मानसिक स्वास्थ्य और व्यवहार विचार विशेषज्ञ | व्यक्तिगत देखभाल, समझ और सहारा
अपॉइंटमेंट के लिए संपर्क करें
7543976796 | 7759945555
@manah.health | manahcare
पताः HIG X-9, आशियाना नगर, मेन रोड, ऑपोजिट जगत एनक्लेव, पटना - 800025
आपका मानसिक स्वास्थ्य, हमारी प्राथमिकता। सही समय पर सही मदद लें।

सोलर ऋण मेला का डीएम ने किया उद्घाटन

220 कर्मियों का पंजीकरण, 66 ऑनलाइन आवेदन, 19 ऋण स्वीकृत एवं 08 ऋण वितरित

जहानाबाद। प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के प्रभावी क्रियान्वयन एवं सरकारी पदाधिकारियों तथा कर्मियों को सौर ऊर्जा के उपयोग को लेकर प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से बुधवार को जिला निबंधन एवं परामर्श केंद्र भवन में विशेष सोलर ऋण मेला का आयोजन किया गया। सोलर ऋण मेला का उद्घाटन जिलाधिकारी छिरिङ वाई भूटिया ने किया। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त आदित्य कुमार पियूष, मुख्य अभियंता, विद्युत विभाग सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे। सोलर ऋण मेला में विभिन्न सरकारी विभागों के पदाधिकारियों एवं कर्मियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इनमें मुख्य रूप से शिक्षक, विकास मित्र, पंचायत



सचिव, किसान सलाहकार सहित अन्य विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मी शामिल रहे। मेले के दौरान कुल 220 सरकारी कर्मियों का पंजीकरण किया गया, जिनमें 66 कर्मियों द्वारा प्रधानमंत्री सूर्यघर पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन किया गया। साथ ही, 19 आवेदकों के ऋण स्वीकृत किए गए तथा 08 आवेदकों के ऋण वितरण (डिस्बर्समेंट) की प्रक्रिया पूर्ण की गई। उपस्थित कर्मियों को योजना के लाभ, ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया, बैंक ऋण की सुविधा, सरकारी अनुदान एवं सोलर रूफटॉप प्रणाली के अधिष्ठापन से संबंधित आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराई गई। इस अवसर पर जिलाधिकारी छिरिङ वाई भूटिया ने उपस्थित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना भारत सरकार की एक महत्वपूर्ण जनकल्याणकारी पहल है, जिसका उद्देश्य घरों की छतों पर सोलर पैनल स्थापित कर स्वच्छ एवं नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देना तथा बिजली के खर्च में कमी लाना है। इस योजना के अंतर्गत पात्र घरेलू उपभोक्ताओं को सोलर रूफटॉप प्रणाली के अधिष्ठापन हेतु निर्धारित सरकारी अनुदान का लाभ प्रदान किया जाता है। जिलाधिकारी ने सभी सरकारी पदाधिकारियों एवं कर्मियों को अपने-अपने आवासों की छतों पर सोलर रूफटॉप प्रणाली अधिष्ठापित कराने हेतु प्रेरित करते हुए कहा कि सरकारी कर्मियों की इस पहल से समाज में सकारात्मक संदेश जाएगा तथा आमजन भी योजना का लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित होंगे। उन्होंने कहा कि सरकारी पदाधिकारी एवं कर्मी स्वयं इस योजना को अपनाकर अन्य नागरिकों के लिए प्रेरणास्रोत बनें तथा स्वच्छ ऊर्जा के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं। जिलाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारियों, बैंक प्रतिनिधियों एवं विद्युत विभाग को निर्देशित किया कि प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। विशेष रूप से लंबित ऋण आवेदनों की स्वीकृति एवं ऋण वितरण में तेजी लाने तथा संबंधित वेंडरों के माध्यम से सोलर पैनल अधिष्ठापन की प्रक्रिया को निर्धारित समयसीमा के भीतर पूर्ण कराने का निर्देश दिया।


आपके लिवर और पाचन स्वास्थ्य का भरोसेमंद साथी
DYNAMIC SUPER SPECIALITY
LIVER & GASTRO CENTRE
डॉ सौरभ जायसवाल
DM Hepatology
CMC Vellore
सही जाँच • सही ईलाज • बेहतर जीवन
हमारी सेवाएँ
★ लिवर एवं पाचन रोग विशेषज्ञ परामर्श
★ फाइब्रोस्कैन (लिवर स्टिफनेस एवं फैट)
★ एंडोस्कोपी (उपरी जठरांत्र जाँच)
★ कोलोनोस्कोपी (बड़ी आँत की जाँच)
★ लिवर बायोप्सी
★ हेपेटाइटिस (B & C) की जाँच एवं इलाज
★ फैटी लिवर, सिरोसिस एवं लिवर फेल्योर प्रबंधन
★ पीलिया, गैस, एसिडिटी, IBS, IBD, कब्ज, दस्त आदि का उपचार
उन्नत जाँच सटीक निदान विशेषज्ञ देखभाल
फाइब्रोस्कैन अब उपलब्ध बिना दर्द बिना सुई
एंडोस्कोपी एवं कोलोनोस्कोनी उच्च गुणवता एंडोस्कोपी यूनिट
लिवर बायोप्सी एवं अन्य उन्नत प्रकियाएँ उपलब्ध
OPD परामर्श उपलब्ध
सुबह 9 बजे से रात्रि 7 बजे तक रविवार बंद
अभी कॉल करें। 6206071186
पता - पटेल पथ, मजार गली, राजा बाजार, पटना-800014

PATEL COLLEGE OF COMPUTER AND MANAGEMENT EDUCATION

RUN AND MANAGED BY: SWAMI VIVEKANAND EDUCATIONAL TRUST
SUKULCHAK, KAROUNA, JEHANABAD – 804417

Purpose Course: MBA ((Finance, Marketing, Hospital, Human Resource) Management

शीघ्र आवश्यकता है

Post	Department	Qualification
Principal	Administration	Ph.D with 10 Year Experience
Assistant Professor/ Professor	MBA (Finance, Marketing, Hospital, Human Resource) Management	Ph.D / Master Degree in Relevant Field/ Subject
HOD	MBA (Finance, Marketing, Hospital, Human Resource) Management	Ph.D/ Master Degree in Relevant Field With 5 Year Experience
Librarian	Library	B.Lib.Sc / M.Lbi.Sc
Lab Instructor/	-	BCA / DCA
Accountant	Administration	M.Com / B.Com
Office Assistant	Administration	Graduate with Computer Knowledge
Other Post (Receptionist, Admission- Cum Counselor, Driver, Gardener, Peon)	Administration	Minimum Qualification 10th/12th/Graduate and Experience in Relevant fields

■ एक व्यक्ति केवल एक ही पद के लिए आवेदन (Apply) कर सकते हैं। ■ अपने Resume और self-Attested photo-copy Certificate को 15 दिन में patelcollegejehanabad@gmail.com पर मेल करें। अनुभव को प्राथमिकता दी जाएगी

Secretary/Chairman - Divya Prakash   Contact- 9304697359, 9334074905

पूर्व मध्य रेल

निविदा सूचना

निविदा सूचना संख्या– आर०एस०–101–टी०एस०–डब्लु०जी०–मी०बी०

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक, दानापुर निम्नलिखित कार्यो के लिए मान्यता प्राप्त अनुभवी एवं वित्तीय रूप से सक्षम ठेकेदारों से एवं रेल, सिंचाई, सी०पी०डब्लु०डी० एम०ई०एस० अथवा अन्य लोक उपक्रम में रजिस्टर्ड अथवा कार्यरत ठेकेदारों से ऑन-लाइन खुली निविदा आमंत्रित करते हैं:-

1. कार्य के नाम, लोकेशन के साथ : ट्रेन सेट में अलग-अलग तरह के ग्लास की सप्लाई और आरएनसीसी डिपो में सीटों और रोलर ब्लाइंड्स की चेकिंग का इंतजाम 2 साल के लिये। **2. अनुमानित निविदा राशि (रूपया में):** रु 1,48,93,253.54/– (रूपये एक करोड अड़तालीस लाख तिरानवे हजार दो सौ तिरपन एवं चौवन पैसे मात्र)। **3. अग्रधन राशि (रूपया में):** रू 2,97,900/– (रुपये दो लाख संतानवे हजार नौ सौ मात्र) ई-टेंडरिंग के लिए अर्नेस्ट मनी डिपॉजिट (EMD) का पेमेंट सिर्फ नेट बैंकिंग या **www.ireps.gov.in** पर पेमेंट गेटवे के जरिए ही स्वीकार किया जाएगा। **4. निविदा कागजात जमा करने की एवं निविदा खुलने की तिथि एवं समय:** निविदा ऑन लाइन **www.ireps.gov.in** पर प्रस्तुत की जानी है। निविदादाताओं द्वारा निर्धारित तिथि **11.11.2026** को **12.00** बजे तक निविदा प्रस्तुत कर दिया जाए एवं उसी दिन निर्धारित तिथि को **12.30** बजे निविदा खोली जाएगी। **5. वेबसाईट नाम एवं निविदा, शुद्धिपत्र (अगर जारी हुआ) संबंधी सूचना :** निविदा सूचना पात्रता मानदंड तथा निविदा प्रलेख क्रिस के वेबसाईट **CRIS website : www.ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है।

मंडल रेल प्रबंधक (यांत्रिक)/दानापुर

पीआर/1198/डीएनआर/एमईसीएच/टी/26-27/48

Chola
Enter a better life

चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट एवं फाइनेंस कम्पनी लिमिटेड

कॉरपोरेट ऑफिस : चोला क्रेस्ट, सुपर बी, सी54 छत सी55 4 थिरु वि का एण्डस्ट्रियल इस्टेट, गुइन्डी, चेन्नई-600032 तामिलनाडू

ई-नीलामी विक्रय सूचना (विक्री केवल ई-बोली के माध्यम से)

2002 सहपठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8 (6) और 9 (1) के प्रावधानों के अधीन अचल सुरक्षित आस्तियों के विक्रय के लिए बिक्री सूचना।

आमजन और विशेष रुप से **कॉलम (ए)** में दर्शाए गए ऋणधारक(रों) को सूचित किया जाता है कि नीचे उल्लेखित अचल सम्पत्ति(यां) जो कि **कॉलम (सी)** मे दर्शाई गई है का **कॉलम (डी)** में उल्लेखित रचनात्मक / भौतिक कब्जा का बंधक / प्रभात सुरक्षित लेनदार द्वारा ले लिया गया है जिसको सुरक्षित लेनदार, **हाउसिंग चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट एंड फाइनेंस कंपनी लिमिटेड** के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा **जहाँ है जैसा है, जैसा है जो है और जो कुछ भी वहां है** के आधार पर नीचे दिए गए विवरण के अनुसार बेचा जाएगा। प्रतिभूत हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 9 (1) के अधीन यहां ऋणधारक / बंधककर्ता(ओं) / कानूनी उत्तराधिकारी, कानूनी प्रतिनिधियों (चाहें ज्ञात हो या अज्ञात), निष्पादक(रों), प्रशासक(कों), उत्तराधिकारी(यों) और माननीय ऋणधारक / बंधनकर्ता(ओं) (मृतक के पश्चात) के वारिस (रों) जैसा कॉलम (ए) में इंगित किया गया है, वो यह नोटिस दिया जा रहा है। बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया सुरक्षित लेनदार, चोलामंडलम् इन्वेस्टमेंट एंड फायनेंस कंपनी लिमिटेड की वेबसाईट यानी **https://www.cholamandalam.com** और **www.auctionfocus.in** में दिए गये लिंक को देखें।

क्र. सं.	(ए) ऋण खाता संख्या ऋणधारक(कों) / बंधककर्ता(ओं) / जमानदार(रों) के नाम	(बी) बकाया राशि जो वसूल की जाती है। (सुरक्षित बकाया)	(सी) अचल सम्पत्ति / सुरक्षित आस्ति का विवरण	(डी) कब्जे का प्रकार	(ई और एफ) आरक्षित मूल्य (रुपये में) / बयाना राशि जमा (रुपये में)	(जी) नीलामी को तिथि और समय
1.	खाता क्र. संख्या : LAP3MTH000124221 1. श्रीमान / श्रीम. ललन साह 2. श्रीमान / श्रीम. गुड़िया कुमारी क्र. संख्या 1 और 2 के लिए पता : भगवान पुर कोटवा, उत्तरी घोड़ासहन, पूर्वी चम्पारण, बिहार, शिवमंदिर, पूर्वी चम्पारण, बिहार-845 303। क्र. संख्या 1 और 2 के लिए पता : मौजा : भगवानपुर, कोटवा, थाना : घोड़ासहन, अंचल : घोडासहन, छौड़ादानो, पूर्वी चम्पारण, बिहार-845 303।	11.06.2025 तक ₹ 20,53,701/- (केवल बीस लाख तिरपन हज़ार सात सौ एक मात्र)	खाता नं. 34 खेसरा नं. 317 रकबा 4.18 डेसिमल, मौजा भगवान पुर कोटवा, अंचल : घोडासहन, पूर्वी चम्पारण, शिव मंदिर, एनए, पूर्वी चम्पारण। ➢साईट / वास्तविक के अनुसार - उत्तर - रविंद्र सिंह, आशिष के भाइ; दक्षिण : सड़क; पूर्व : चन्द्रकाली देवी; पश्चिम : रविंद्र सिंह। ➢विलेख के अनुसार - उत्तर : राम आशिष सिंह; दक्षिण : सड़क; पूर्व : हाल बैदार मुस्तरी / चंद्रकाली देवी; पश्चिम : रविंद्र सिंह / हाल बैदार मुस्तरी।	प्रत्यक्ष कब्जा	₹ 32,04,432/- (रुपये बत्तीस लाख चार हज़ार चार सौ बत्तीस मात्र) / ₹ 3,20,443/- (रुपये तीन लाख बीस हज़ार चार सौ तिरालीस मात्र)	16.11.2026 को सुबह 2.00 से सायं. 04.00 तक (निविदा दस्तावेज के संदर्भ में प्रत्येक 5 मिनिट के स्वचालित विस्तार सहित)
2.	खाता क्र. संख्या : LAP3MTH000082435 1. श्रीमान / श्रीम. मुन्ना प्रसाद 2. श्रीमान / श्रीम. चंदा देवी क्र. संख्या 1 और 2 के लिए पता : वार्ड संख्या 15, पी. ओ. धवाही बाजार, हरसिद्धि पूर्व, शिव मंदिर के पास, मोतिहारी, बिहार-845 422। क्रम संख्या 1 और 2 के लिए : मौजे : धवाही, थाना : हरसिद्धि, खाता संख्या -219, खेसरा संख्या-911, उप-पंजि. अरेराज, जिला : पूर्वी चंपारण, बिहार-845 422।	16.05.2025 तक ₹ 20,57,058/- (केवल बीस लाख सत्तावन हज़ार अट्ठावन मात्र)	मौजे : धवाही, थाना : हरसिद्धि, खाता नंबर : 219, खेसरा नंबर : 911, उप-पंजि. अरेराज, जिला : पूर्वी चंपारण, बिहार-845 422 ➢विलेख के अनुसार - उत्तर : शंभु प्रसाद; दक्षिण : मुस्तरिया; पूर्व : सड़क; पश्चिम : निरंजन प्रसाद। ➢जांच के अनुसार - उत्तर : शंभु प्रसाद; दक्षिण : राजीव रंजन श्रीवास्तव; पूरब : सड़क; पश्चिम : निरंजन प्रसाद.	प्रत्यक्ष कब्जा	₹ 18,42,225/- (रुपये अठारह लाख बयालीस हज़ार दो सौ पच्चीस मात्र) / ₹ 1,84,223/- (रुपये एक लाख चौरासी हज़ार दो सौ तेईस मात्र)	16.11.2026 को सुबह 2.00 से सायं. 04.00 तक (निविदा दस्तावेज के संदर्भ में प्रत्येक 5 मिनिट के स्वचालित विस्तार सहित)

निरीक्षण दिनांक और समय : **12.11.2026** को प्रातः **11.00** बजे से सायं. **4.00** बजे के बीच | न्यूनतम बोली वृद्धि राशि : रु. **10,000/-**

बोली / ईएमडी / भागीदारी के लिए अनुरोध पत्र जमा करने की अंतिम तारीख : **13.11.2026** शाम **05.00** बजे तक।

* ऋण अनुबंध की शर्तों के संदर्भ में लागू आगामी ब्याज के साथ, आकस्मिक व्यय, लागतों, प्रभातों आदि सहित भुगतान और / या उसकी वसूली की तारीख तक खर्च।

संपत्ति के निरीक्षण के संबंधित किसी भी सहायता के लिए, या बोली दस्तावेज प्राप्त करने और किसी अन्य प्रश्न के लिए, कृपया **1. केशव कुमार, भ्रमणध्वनी क्र. : 9576148154** और **ई-मेल : keshawkumar@chola.murugappa.com, 2. मनोज कुमार पाण्डे, भ्रमणध्वनी क्र. : 9835422089** और **ई-मेल : manojkumarpc@chola.murugappa.com 3. शाश्वत सागर, भ्रमणध्वनी क्र. : 7749866654** और **ई-मेल : shashwatsagar@chola,murugappa.com** पर सम्पर्क करें। **चोलामंडलम् इन्वेस्टमेंट एंड फायनान्स कंपनी लिमिटेड** के अधिकृत **चोलामंडलम् इन्वेस्टमेंट एवं फायनेंस कंपनी लिमिटेड** के प्राधिकृत अधिकारी के सर्वोत्तम ज्ञान और जानकारी के अनुसार, उपरोक्त अचल संपत्तियों / सुरक्षित आस्तियों के संबंध में कोई बाधा नहीं है।

हस्ताक्षर/-
प्राधिकृत अधिकारी
कृते चोलामंडलम् इन्वेस्टमेंट एवं फायनेंस कम्पनी लिमिटेड

दिनांक : 27.09.2026
स्थान : पूर्व चंपारण, बिहार